न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, अलवर
पीठासीन अधिकारी – श्री प्यारे लाल सोठवाल (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या	तारीख दायर	तारीख निर्णय
3/11/2022	22.02.2022	19.04.2022

बउनवान

1– सरदार सिंह पुत्र श्री बोदनसिंह जाति जाट निवासी ग्राम भजीट तहसील व जिला अलवर राजस्थान

––प्रार्थी

बनाम

1– पलटू पुत्र भोलीराम जाति जाटव
2– विजयसिंह पुत्र नत्थूराम जाति जाट
2– लीला पुत्र सावलिया जाति जाट
4– रामदयाल पुत्र बोदनराम जाति जाट निवासीयान ग्राम भजीट तहसील अलवर

––अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र धारा अन्तर्गत ///

: निर्णय :

प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा /// राज0भू0अधि0 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी ग्राम भजीट तहसील व जिला अलवर राज का निवासी है प्रार्थी की खातेदारी की आराजी खसरा नंबर 1015 रकबा 0.06 हैक्टेयर वाके ग्राम भजीट तहसील व जिला अलवर में स्थित है जिसकी पैमाईश प्रार्थी ने दिनांक 14–07–21 को कराई जिसमें पटवारी हल्का द्वारा सीमाज्ञान कराया जा चुका है। सीमाज्ञान के पश्चात भी अप्रार्थीगण नही मानते है इसलिये प्रार्थी अपनी आराजी की पत्थरगढी करवाना चाहता है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर आराजी खसरा नंबर 1015 रकबा 0.06 हैक्टेयर वाके ग्राम भजीट की पत्थरगढी का निवेदन किया।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण जर्ये नोटिस तलब किये गयें। अप्रार्थीगण हाजिर अदालत आयें एवं प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को स्वीकार करने का कथन किया किन्तु अप्रार्थीगण ने जवाब पेश नही किया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। प्रश्नगत आराजी खसरा नम्बर 1015 रकबा 0.06 हैक्टेयर वाके ग्राम भजीट के मुताबिक जमाबन्दी संवत 2072–2074 प्रार्थीगण रिकोर्डेड खातेदार है। प्रश्नगत आराजी की पटवारी हल्का भजीट द्वारा दिनांक 14.07.2021 को श्रीमाज्ञान करवाया जा चुका है। उसे पश्चात पटवारी हल्का भजीट द्वारा दिनांक 12.11.2021 की मौका रिर्पोट भिजवाई गई। मौका रिर्पोट 12.11.2021 में पटवारी हल्का नें अंकित किया है,कि आराजी खसरा नम्बर 1015 रकबा 0.06है0 मुताबिक जमाबन्दी सरदार सिंह पुत्र बोदन सिंह हिस्सा 2/3 जाति जाट दर्ज रिकार्ड है। मौके पर वर्णित खसरा नम्बर में करीब 0.02 है0 में प्रार्थी का मकान बना हुआ है।

उपखण्ड अधिकारी
अलवर